**पंचकूला भाजपा की जिला कार्यकारिणी बैठक ▶▶ विधायक, सांसद और पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु सहित प्रमुख नेता पहुंचे**


# कांग्रेस ने देश पर आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का गला दबाने का काम किया: कैप्टन अभिमन्यु

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ पंचकूला

पंचकूला जिला संगठन की प्रथम जिला कार्यकारिणी रविवार को पार्टी मुख्यालय पंचकमल में आयोजित की गई। जिला कार्यकारिणी के मुख्य वक्ता और पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि हमें अतीत से सीख लेते हुए सुनहरे भविष्य का निर्माण करना होगा। कैप्टन अभिमन्यु ने कांग्रेस शासन काल में देश पर लगाए आपातकाल, संविधान एवं संवैधानिक संस्थाओ का दुरुपयोग, राष्ट्रीय सुरक्षा, कमज़ोर अर्थव्यवस्था जैसे तमाम मुद्दों पर बोलते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला किया। पूर्व वित्त मंत्री कै. अभिमन्यु ने कहा, कांग्रेस शासन में देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी थी, 2014 में केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिली और भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन कर उभरा। जिला कार्यकारिणी में पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु और राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, कालका विधायिका शक्ति रानी शर्मा, जिला प्रभारी रवि बतान, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, नगर महापौर कुलभूषण गोयल सहित जिले के सभी पदाधिकारी, मोर्चो, विभागों, प्रकोष्ठों के प्रमुख, जनप्रतिनिधि, ज़िले के सभी पूर्व जिला अध्यक्ष, मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ भाजपा नेता व अन्य पदाधिकारी भारी संख्या में उपस्थित रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने अध्यक्षीय संबोधन में अजय मित्तल ने अपने कार्यकाल के दौरान जिले भर में आयोजित किए तमाम सांगठनिक कार्यो का वृतांत डिजिटल प्रेजेंटेशन के माध्यम से रखा। मित्तल ने कहा, बतौर जिला अध्यक्ष विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी की जिला कार्यकारिणी की अध्यक्षता करना उनके लिए व्यक्तिगत तौर पर सौभाग्य की बात है। मित्तल ने कहा, जिला संगठन को विस्तार देने एवं बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त करने में वे कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। इस अवसर पर पूर्व स्पीकर हरियाणा ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि संगठित समाज के लिए जरूरी है कि हम जाति व्यवस्था से ऊपर उठकर समाज के वंचित वर्ग को अपने साथ लेकर आगे बढे। गुप्ता ने कहा, जाति व्यवस्था हिन्दू एकजुटता के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है।



पंचकूला। दीप प्रज्ज्वलित कर भाजपा की जिला कार्यकारिणी बैठक की शुरुआत करते सांसद रेखा शर्मा और पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु। फोटो: हरिभूमि



पंचकूला। भाजपा की जिला कार्यकारिणी बैठक के दौरान सांसद रेखा शर्मा का स्वागत करते भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### सांसद रेखा शर्मा ने सरकार की योजनाओं के बारे में बताया

सांसद रेखा शर्मा ने केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का मान सम्मान बढ़ा है। राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के मामले में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है। रेखा शर्मा ने कहा, मोदी सरकार ने देश के करोड़ो परिवारों को घर, बिजली, पानी, राशन, चिकित्सा और शिक्षा देकर गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का काम किया है।

**पार्टी संगठन को मजबूत करने पर मंथन: पूर्व वित्त मंत्री**

### कैप्टन अभिमन्यु ने कांग्रेस नेताओं पर हमला बोला कहा-जनादेश को नहीं कर पा रहे हैं स्वीकार

पूर्व मंत्री ने बोला कांग्रेस नेताओं पर हमला कहा-जनादेश को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं, पूरा मामला सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन हैं। भाजपा की कार्यसंस्कृति परंपरा और पद्धति में कार्यकर्ता मिलकर कार्यकारिणी की बैठक करते रहते हैं। हमारी पार्टी संविधान के तहत कार्यकारिणी की बैठक कर पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाते हैं। संगठन को मजबूत करने के साथ ही कार्यकर्ताओं को साथ में लेकर नई योजनाओं पार काम होता है, साथ ही देश को आगे बढ़ाने के लिए रणनीति तैयार करते हैं। इसी क्रम में भाजपा पंचकूला की कार्यकारिणी की बैठक पंचकूला के नेताओं के साथ में विचार मंथन हुआ है। पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रदेशभर में पार्टी संगठन की बैठकों के दौर से संगठन को मजबूत बनाने की दिशा ही नहीं बल्कि पंचकूला के विकास को गति देने का काम भी हमारा संगठन करेगा। पूर्व मंत्री ने कांग्रेस के वोट चोरी के आरोपों को कहा कि खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे वाली बात है। पूर्व मंत्री ने कांग्रेस नेताओं पर हमला कहा-जनादेश को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं, उनका अहंकार उनको विवश कर रहा है, देश की संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल खड़े करने से पहले उन्हें अपने गिरेबां में झांकना चाहिए। चुनाव आयोग इस बारे में पूरा स्पष्टीकरण दे चुका है। हठधर्मिता के कारण वे खुद का मजाक उड़वा रहे हैं, अगर उनको संविधान और लोकतंत्र में विश्वास है, तो ठीक तरह का आचरण करें।

### भाजपा हर क्षेत्र में सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही

प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखते हुए कहा की आजादी की लड़ाई में महिलाओ का त्याग और बलिदान हमे आने वाले तमाम वर्षो तक गर्वान्वित करता रहेगा। बंतो कटारिया ने कहा, भाजपा सरकार में देश की बहन और बेटियां समाज के हर क्षेत्र में सफलता के नित नए आयाम स्थापित कर रही है। पंचायतो में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। कार्यकारिणी में हाल के वर्षो में कार्यकर्ता और उनके परिवारजनों के निधन पर शोक व्यक्त किया। जिला महामंत्री भवनजीत सिंह ने कार्यकारिणीं में उपस्थित पदाधिकारियों के समक्ष राजनीतिक प्रस्ताव रखा गया जिसका सभी ने एक मत से समर्थन करते हुए पारित किया। कार्यकारिणी का संचालन महामंत्री जय कौशिक ने किया।

## खबर संक्षेप

### आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर ठगे आठ लाख

**यमुनानगर।** ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर जम्मू कॉलोनी निवासी अभिनव शर्मा से आठ लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप यमुनानगर स्थित ग्लोबल इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड के संचालक अजीत सिंह, इसकी पत्नी रमनदीप कौर, बेटा तरनप्रीत सिंह, अजय, प्रदीप तथा गौरव पर लगा है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

### करंट से सहारनपुर के युवक की मौत

**फरीदाबाद।** सेक्टर-85 स्थित कपंनी में बिजली का करंट लगने से कर्मचारी की मौत हो गई। मृतक यूपी के सहारनपुर जिला का रहने वाला था और कंपनी में पिछले कई सालों से वेल्डर का काम कर रहा था। उसका रोका हो चुका था और दो महीने बाद शाही होनी थी। मृतक के परिजन मुस्तीक ने बताया किए सालिम पिछले कई साल से फरीदाबाद में रहकर नौकरी कर रहा था। वह सेक्टर-85 की एक निजी कंपनी में वेल्डर का काम कर रहा था। मुस्तीक ने कहा कि शनिवार शाम 5 बजे उनको ठेकेदार की तरफ से सूचना दी गई कि सालिम को बिजली का करंट लग गया है। शुरूवात में ठेकेदार ने उनको बताया कि सालिम अस्पताल में है।

### कार्ड से मोबाइल खरीदा 2.50 लाख की चपत

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट थाना में जालसाज द्वारा एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड से छह मोबाइल बिल के भुगतान कर 2.50 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसने कोई मोबाइल फोन नहीं खरीदा लेकिन उसके मोबाइन पर क्रेडिट कार्ड की डिटेल में तीन मोबाइल के बिल का भुगतान किया जाना सामने आया है। वहीं पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अवनीश कुमार तिवारी ने बताया गुरुग्राम के सेक्टर-95ए में रहता है। ऑनलाइन कम्पलेंट दर्ज कराई है क्रेडिट कार्ड का दुरुपयोग कर ढाई लाख ठग लिए।

**मैदानी व पहाड़ी इलाकों में तेज बारिश से प्रदेश की नदियां उफान पर, प्रशासन अलर्ट**

# यमुना का जलस्तर खतरे के स्तर से पार, बाढ़ का अलर्ट, बैराज के सभी गेट खोले, सोमनदी का बांध टूटा, मारकंडा का पानी गांव में घुसा

- हथनी कुंड बैराज का जलस्तर बढ़ने से यमुना नदी में एक लाख 78 हजार 996 क्यूसिक पानी छोड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हिमाचल और उत्तराखंड में हो रही बारिश की वजह से हरियाणा में नदियां उफान पर हैं। रविवार को हथनी कुंड बैराज का जलस्तर बढ़ने से यमुना नदी में एक लाख 78 हजार 996 क्यूसिक पानी छोड़ा गया। जलस्तर बढ़ने से बैराज के सभी 18 गेट खोल दिए गए हैं और पानी का रुख यमुना नदी में कर दिया गया है। वहीं, सोमनदी का बांध टूट गया और मारकंडा का पानी गांव में घुस गया। का जलस्तर बढ़ने की संभावना है। वहीं, प्रशासन ने पहाड़ी इलाकों में हो रही बारिश से बढ़ रहे हथनी कुंड के जलस्तर को देखते हुए बाढ़ संभावित इलाकों में निगरानी बढ़ा दी गई है। यमुना नदी में पानी छोड़े जाने से दिल्ली समते हरियाणा के यमुनानगर, करनाल, पानीपत व सोनीपत में बाढ़ संभावना बढ़ गई।


### बाढ़ से लोगों की सांसे थमने लगी

पहाड़ी इलाकों में हो रही तेज बारिश के बढ़ते पानी को देखते हुए हथनीकुंड बैराज के सभी 18 गेट खोल दिए गए हैं। यमुना नदी में पानी बढ़ने से नदी के साथ लगते बाढ़ संभावित इलाके के लोगों की सांसे थम गई हैं। उन्हें बाढ़ आने की चिंता सताने लगी है। वहीं, सिंचाई विभाग ने यमुना नदी में बढ़ रहे जलस्तर को लेकर बाढ़ संभावित इलाकों में निगरानी बढ़ा गई है। इसके साथ ही क्षेत्र के लोगों को यमुना नदी के नजदीक नहीं जाने की सलाह दी गई है। वहीं, उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को हर स्थिति पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।



यमुनानगर। हथनी कुंड बैराज पर जलस्तर बढ़ने से उफान पर बहती हुई यमुना नदी।

## सोम और खोल नदी में उफान, फसलें जलमग्न



यमुनानगर। फसलों में घुसा नदी का पानी। फोटो: हरिभूमि

**यमुनानगर।** मैदानी व पहाड़ी इलाकों में रविवार को हुई जोरदार बारिश से जिले की बरसाती नदियां सोमनदी व हरिपुर से निकल रही खोल नदी में उफान आ गया। बताया गया है कि सोमनदी में रविवार को अचानक 24 हजार क्यूसिक से अधिक जलस्तर होने से नदी उफान पर पहुंच गई और साथ लगते सैंकड़ो एकड़ में खड़ी फसलें जलमग्न हो गई। सूचना मिलते ही संबंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। रविवार सुबह जिले के पहाड़ी व मैदानी इलाकों में हुई जोरदार बारिश से सोमनदी व खोल नदी में उफान आ गया। आलम यह रहा कि गांव धनौरा के नजदीक नदी पर करीब ढ़ाई दशक पहले बने पुल के ऊपर से पानी बहने लगा। जिससे आसपास के क्षेत्र के लोगों की चिंताएं बढ़ गई। वहीं, धाढ़ क्षेत्र के गांव उत्तमवाला के समीप कांडी परियोजना के तहत बने चैक डैम का तटबंध टूटने से गांव उत्तमवाला व पानी वाला में करीब सौ एकड़ धान, गन्ने व पशुओं की चारे की फसल में पानी भर गया। क्षेत्र के राजपाल, महावीर, सोमपाल, राकेश व मनीष आदि का कहना है कि तटबंध के मुरम्मत को लेकर अनेक बार वन विभाग व उपमंडल प्रशासन को अवगत करवाया गया। लेकिन समय से मुरम्मत न करवाने के कारण तटबंध टूट जाने से पानी खेतों की ओर प्रवेश कर गया।

## मारकंडा के पानी से हजारों एकड़ फसल जलमग्न

**प्रशासन अलर्ट, उपायुक्त ने पानी से प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

बरसात से काले अंब से मारकंडा नदी में 50,000 क्यूसेक से अधिक पानी का उच्च निर्वहन होने के कारण एसडीएम शाहबाद और एसडीएम पिहोवा को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार वर्षा के चलते इस मानसून सीजन में मारकंडा नदी एक बार फिर उफन पर है। तेजी से बढ़ते जलस्तर ने गांव कठवा, पट्टी जामड़ा, गुमटी, मलकपुर, कलसाना, तंगौर और मुगलमाजरा सहित दर्जनों गांवों में तबाही की दस्तक दे दी है। शुरूआती आकलन के अनुसार, करीब 3000 एकड़ में खड़ी फसलें पूरी तरह से जलमग्न एवं नष्ट हो चुकी हैं, जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें गहरी हो गई हैं। प्रशासन ने तुरंत प्रभाव से हाई अलर्ट जारी करते हुए नदी किनारे बसे गांवों के सरपंचों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। गांवों में मुनादी के जरिए लोगों को चेताया जा रहा है कि वे नदी के समीप न जाएं और जरूरत पड़ने पर ऊंचे स्थानों पर शरण लें। काला अंब में तैनात गेज रीडर कश्मीरा के अनुसार, अलसुबह मारकंडा नदी में 47 हजार क्यूसिक पानी बह रहा था, जो शाम तक घटकर 17 हजार रह गया। अंबाला जिले के मुलाना में मारकंडा नदी पर तैनात गेज रीडर पवन ने बताया कि मारकंडा नदी तो उफान पर है ही, लेकिन मुलाना से पहले इस नदी में मिलने वाले बेंगना और रुण जैसे बरसाती नालों में भी लगातार पानी आ रहा है, जिससे मारकंडा नदी का जलस्तर यहाँ ज्यादा बड़ा है। वर्तमान में नदी में 55 हजार क्यूसिक का बहाव दर्ज किया गया है और जलस्तर अभी बढ़ रहा है।



कुरुक्षेत्र। गांव कठवा में सड़कों पर बहता मारकंडा नदी का पानी।

### बेगना नदी का रौद्र रूप खेतों सड़कों पर पानी भरा

**मुलाना।** पहाड़ों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश का सीधा असर मुलाना की मारकंडा नदी और गोला बेगना नदी पर देखने को मिला। दोनों नदियों में अचानक जलस्तर बढ़ने से खेतों और सड़कों पर पानी फैल गया, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई। मारकंडा नदी में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने दिनभर स्थिति पर नजर बनाए रखी और अलर्ट पर रहे।

### गोला गांव में फिर हुआ जलभराव

गोला गांव में बेगना नदी ने भी कहर बरपाया। शनिवार को गांव में घुसे पानी के बाद रविवार सुबह कुछ राहत मिली थी लेकिन दोपहर तक जलस्तर फिर चढ़ गया। नदी में करीब 25 हजार क्यूसेक पानी दर्ज हुआ जिससे गलियों और घरों में दो फीट तक जलभराव हो गया।



मुलाना। गोला गांव में बेगना नदी का पानी।

## घग्घर में फिर बढ़ा जलस्तर, किसान भयभीत

**गुहला में 23098, खनौरी में 7225 व चांदपुरा में 3750 क्यूसिक पानी का बहाव दर्ज**

**फतेहाबाद।** शिवालिक की पहाडि़यों में हो रही लगातार बारिश के कारण फतेहाबाद के जाखल क्षेत्र से गुजरने वाली घग्घर नदी का जलस्तर बढने से किसानों की धडक्रने तेज हो गई हैं। जुलाई के पहले सप्ताह से घग्घर में जलस्तर बढने का क्रम शुरू हुआ था। अब जब भी पहाड़ों में बरसात हुई, यहां जलस्तर फिर बढ़ जाता है। हालांकि बीच में कई बार जलस्तर कम भी हुआ लेकिन किसान इस बात से भयभीत है तो आमतौर पर जब भी यहां बाढ़ आई, सितम्बर में ही आई। किसानों का मानना है कि जब धान की फसल पककर तैयार होने को होती है, तब बाढ़ की संभावना ज्यादा होती है। इसी को लेकर किसान लगातार घग्घर के जलस्तर पर नजर गढ़ाए हुए हैं। सिंचाई विभाग की रविवार शाम की रिपोर्ट के अनुासर घग्घर नदी के गुहला चीका में 23098, खनौरी में 7225 व चांदपुरा में 3750 क्यूसिक पानी का बहाव दर्ज किया गया। लगातार बढ़ रहे पानी के जल स्तर से प्रशासन सतर्क हो गया है। बता दें कि रविवार सुबह 6 बजे की रिपोर्ट के अनुसार गुहला चीका हेड पर 24178 क्यूसेक पानी का बहाव दर्ज किया गया था जबकि खनौरी में 7225 व चांदपुरा में 3550 क्यूसिक पानी का बहाव था। घग्गर नदी की कुल जल क्षमता 21,000 क्यूसेक है। मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। इसको देखते हुए स्थानीय किसान और स्थानीय निवासी चिंतित हैं। जुलाई 2023 में आई बाढ़ से हुए नुकसान की यादें अभी भी क्षेत्रवासियों के जेहन में ताजा हैं। सिंचाई विभाग ने घग्घर में घग्घर में अतिरिक्त पानी आने की स्थिति में इसे रंगोई नाला में डायवर्ट करने की योजना बनाई जा रही है।



**बिल पास करने की एवज में 2,27500 रुपये लेते किया था काबू**

## नपा जुलाना के चेयरमैन तथा उसके सहयोगी को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

बिल पास करने की एवज में दो लाख 27 हजार 500 रुपये की रिश्वत लेते एसीबी द्वारा गिरफ्तार किए गए जुलाना के नपा चेयरमैन तथा उनके नर्सिंग सहायक को रविवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। जहां से अदालत ने दोनों न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया है। भिवानी के ठेकेदार मनोज ने एंटी क्रप्शन ब्यूरो एसीबी को दी शिकायत में बताया था कि वह शहरी निकाय पोर्टल पर दस करोड़ तक का कार्य करने के लिए रजिस्ट्रड है। वर्ष 2024 में उसने नगर पालिका जुलाना में तालाबों के सौंदर्यकरण का ठेका लिया था। जिसका 50 प्रतिशत कार्य होने तथा दूसरा रनिंग बिल 91 लाख 20 हजार 800 रुपये नपा जुलाना मे प्रस्तुत किया था। बिल पास करने की एवज में जुलाना नपा के चेयरमैन डा. संजय ने पांच प्रतिशत राशि रिश्वत के रूप में डिमांड की। जिस पर उसने असमर्थता जताई। बाद में तीन प्रतिशत पर सहमति बन गई। वह रनिंग बिल पास करवाने के लिए गत 11 अगस्त का फिर से चेयरमैन डा. संजय से मिला। कमीशन कम करने की बात कही। डा. संजय अब अढाई प्रतिशत की डिमांड कर रहा है। जिसके आधार पर हिसार एसीबी के डीएसपी के नेतृत्व में छापामार टीम का गठन किया गया। जिसमें राजपत्रित अधिकारी को भी गवाह के साथ नियुक्त गया।

## नशे की हालत में सड़क पर गिरा युवक, ऊपर से निकल गई कार

**फतेहाबाद।** गांव ढिंगसरा के पास नशे में एक युवक सडक़ पर जा गिरा और एक कार उसके ऊपर से निकल गई। इस हादसे में घायल युवक को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में भट्टूकलां पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकात में गांव ढिंगसरा निवासी बुजुर्ग श्रवण ने कहा है कि उसके लड़के उमेद का करीब 8 साल पहले तलाक हो गया ाि। प्रेम सिंह ने फोन कर बताया कि उमेद सिरढ़ान मोड़ के पास मिठाई की दुकान के पास गिरा पड़ा है। घायल अवस्था में पड़े उमेद को उपचार के लिए फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया जहां से चिकित्सकों ने उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इसके बाद जब उसने गांव में लगे कैमरे की फुटेज को चेक किया तो पाया कि रात को उसका लड़का सड़क किनारे घूम रहा था। उमेद नशे की हालत में सड़क पर गिर गया। कार उमेद के ऊपर से निकल गई, जिससे काफी चोटें आई।

## सिरसा: कार सवार दो नशा तस्कर ढाई किलोग्राम अफीम सहित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस ने नशा तस्करों पर नकेल कसते हुए कार सवार दो नशा तस्करों को करीब छह लाख रुपये की दो किलो 697 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर की। सीआईए सिरसा प्रभारी प्रेम कुमार ने रविवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग पर जिला के डिंग क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कार सवार दो अफीम तस्कर सिरसा की तरफ आ रहे हैं। पुलिस ने डिंग के पास नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी शुरू कर दी। इसी दौरान फतेहाबाद की तरफ से एक कार आई जिसे पुलिस ने जांच के लिए रोक लिया। डीएसपी सिरसा राज सिंह की मौजूदगी में कार की तलाशी ली तो कार से 2 किलो 696 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया, जिनकी पहचान सुमित कुमार व राजेश कुमार निवासी हनुमानगढ़ राजस्थान के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ डिंग थाना में मामला दर्ज किया गया है। डीएसपी राजसिंह ने बताया कि आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और गहनता से पूछताछ कर नशा तस्करी के इस नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी। इसके अलावा पुलिस ने सिरसा जिला के गांव ढुढियांवाली क्षेत्र से एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। रानियां थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के कब्जे से करीब 11 ग्राम हेरोइन मिली है।



सिरसा। नशा तस्कर पुलिस गिरफ्त में।

### गायब दो चचेरी बहनों में एक करनाल से बरामद, दूसरी का नहीं लगा सुराग

- गांव बधाना के युवक समेत दो अन्य पर अपहरण का मामला दर्ज

**जींद।** गांव नगूरां स्कूल में संदिग्ध हालात में गायब हुई नाबालिग चचेरी बहनों में एक करनाल से बरामद हो गई। जबकि दूसरी का कोई सुराग नही लगा। दोनों बहनें गत 15 अगस्त को गांव के स्कूल में आयोजित स्वतत्रंता दिवस पर कार्यक्रम देखने के लिए निकली थी। अलेवा थाना पुलिस ने लड़कियों के परिजनों की शिकायत पर एक युवक को नामजद कर दो अन्य के खिलाफ अपहरण समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। गांव नगूरां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 15 अगस्त को उसकी नाबालिग बेटी तथा भतीजी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को देखने के लिए घर से निकली थी। जिसके बाद दोनों बहनें गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी तथा भतीजी का कोई सुराग नही लगा। गत 16 अगस्त को उसकी भतीजी करनाल में मिल गई। जब उसने उसकी भतीजी से पूछा तो बताया कि गांव बधाना निवासी शुभम दोनों को बहला-फुसला कर ट्रेन से मथुरा ले गया। जहां पर शुभम के दो और दोस्त मिले। वह ट्रेन पकड़ कर करनाल आ गई। जबकि उसकी बहन, शुभम तथा उसके दोनों दोस्त मथुरा रेलवे स्टेशन पर रह गए। जिसके बाद से उसकी भतीजी का कोई सुराग नही लगा। व्यक्ति ने आरोप लगाया कि शुभम तथा उसके दोस्तों ने उसकी बेटी तथा भतीजी का अपहरण किया है। अलेवा थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर शुभम को नामजद कर दो अन्य के खिलाफ अपहरण समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।

